# नववर्ष को लेकर पुलिस अलर्ट, जिले भर में चला सघन चेकिंग अभियान



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 31 दिसम्बर।** नववर्ष के आगमन को देखते हुए जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आई। बुधवार शाम से ही भिंड शहर सहित जिले के प्रमुख चौराहों, बाजारों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया।

एसपी डॉ. असित यादव के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान के तहत यातायात पुलिस और थाना पुलिस की संयुक्त टीमों ने वाहनों की जांच की। दोपहिया वाहन चालकों के हेलमेट, चारपहिया वाहनों के कागजात, ड्रिंक एंड ड्राइव, ओवरस्पीड और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई।

कई स्थानों पर बैरिकेडिंग कर वाहनों को रोक-रोककर तलाशी ली गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नववर्ष की रात किसी भी तरह की हुड़दंगबाजी, शराब पीकर वाहन चलाने, तेज आवाज में डीजे बजाने और सार्वजनिक शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शहर के होटल, ढाबों और सार्वजनिक स्थलों पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है।

### संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त बल तैनात

नववर्ष के मद्देनजर संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पेट्रोलिंग टीम लगातार गश्त कर रही हैं, वहीं महिला सुरक्षा को लेकर भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि नववर्ष का स्वागत शांति और सौहार्द के साथ करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आपात स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर बिना चेतावनी सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन का कहना है कि यह चेकिंग अभियान नववर्ष के दौरान भी लगातार जारी रहेगा, ताकि जिले में शांति और सुरक्षा बनी रहे।

# आज होगा भव्य नववर्ष मिलन समारोह सामाजिक कुरीतियों पर मंथन भी




### आलमपुर में प्रेसवार्ता कर कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की, बिना दहेज विवाह और शिक्षा को मिलेगा सम्मान

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 31 दिसम्बर।** नगर के आकांक्षा पैलेस में आयोजित प्रेसवार्ता में संरक्षक समिति के अध्यक्ष यशवंत सिंह कौरव (नन्ना खुर्द) ने आगामी 1 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले नववर्ष मिलन समारोह की विस्तृत रूपरेखा पत्रकारों के समक्ष रखी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन केवल नववर्ष स्वागत तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देने वाला कार्यक्रम होगा।

**महिला शिक्षा, बाल शिक्षा और सामाजिक कुरीतियों पर होंगे विचार :** कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों एवं वक्ताओं द्वारा महिला शिक्षा, बाल शिक्षा, दहेज प्रथा और मृत्यु भोज जैसी सामाजिक कुरीतियों पर अपने विचार रखे जाएंगे। आयोजन का उद्देश्य समाज में जागरूकता और सकारात्मक बदलाव लाना है।

### सामाजिक एकता का संदेश देगा आयोजन

आयोजकों ने बताया कि यह नववर्ष मिलन समारोह समाज को शिक्षा, संस्कार और सामाजिक सुधार की दिशा में आगे बढ़ाने का माध्यम बनेगा और सामाजिक एकता को मजबूत करेगा।

### वरिष्ठजनों, मेधावी विद्यार्थियों और आदर्श परिवारों का होगा सम्मान

श्री कौरव ने बताया कि समारोह के दौरान नवनियुक्त मंदिर कार्यकारिणी समिति का सम्मान किया जाएगा, 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों को सम्मानित किया जाएगा, शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट अंक अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मान मिलेगा, समाज में बिना दहेज विवाह संपन्न कराने वाले परिवारों एवं अभिभावकों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

# कांग्रेस जनादेश का स्वागत, तो वहीं भाजपा लोकतंत्र की हत्या करती है : बघेल

### उपचुनाव में पार्षद पद पर जीत के लिए कांग्रेस ने मतदाताओं का आभार जताया

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 31 दिसम्बर।** हाल ही में पार्षद पद के लिए लहार, आलमपुर, मेहंगाव में उपचुनाव सम्पन्न हुआ।

ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल ने उपचुनाव में मतदाताओं द्वारा किए गए मतदान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी जनादेश का हर हाल में सम्मान करती है, तो वहीं भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र की हत्या करने का काम करती है।

बघेल ने इंडियन नेशनल कांग्रेस की आलमपुर प्रत्याशी कविता सिंह को विजय होने पर बधाई दी । बघेल ने कहा कि उन्होंने स्वयं और पार्टी के सभी वरिष्ठ नेतागणों एवं कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के आलमपुर, मेहंगाव, लहार के प्रत्याशियों के लिए काफी मेहनत की, मतदाताओं का काफी सहयोग मिला। बघेल ने भाजपा नेताओं और जिला प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि मेहंगाव में उनके प्रत्याशी के बूथ पर फर्जी वोटिंग करने और लहार में भाजपा नेताओं ने मतदाताओं को डराने का काम किया, अगर जिला प्रशासन सही काम करता तो तीनों सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवारो की जीत सुनिश्चित थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भारतीय संविधान और जनादेश का हमेशा सम्मान करती है, और करती रहेगी।

# आधारभूत संरचनाएं विकसित करना प्राथमिकता : कुशवाह

### भिंड में विकास को नई गति, विधायक ने सामुदायिक भवन व सीसी रोड का किया भूमिपूजन

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 31 दिसम्बर।** भिंड विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देते हुए लोकप्रिय विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने एक ही दिन में दो महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का भूमि पूजन कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। एक ओर 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन किया गया, वहीं ग्राम ककहरा में 15 लाख रुपए की लागत से मुख्य मार्ग से गौशाला तक सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।



स्थानीय कार्यक्रम में विधायक कुशवाह ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिलापूजन कर दोनों कार्यों की औपचारिक शुरुआत की। बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, पंचायत अधिकारी और कार्यकर्ता इस अवसर पर मौजूद रहे।

**सामुदायिक भवन बनेगा गतिविधियों का केंद्र :** विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि सामुदायिक भवन गांव की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता थी। इसके निर्माण के बाद यह भवन सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं सार्वजनिक आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ ग्रामीणों तक पहुंच रहा है और यह भवन आपसी सौहार्द, सहयोग व सामूहिक सहभागिता को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता ऐसी आधारभूत संरचनाएं विकसित करना है, जो लोगों को जोड़ें और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाएं। इस सामुदायिक भवन से युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी वर्ग लाभान्वित होंगे।

**ककहरा में सीसी रोड से बढ़ेगी सुविधा :** इसके बाद विधायक कुशवाह ने ग्राम ककहरा में मुख्य मार्ग से गौशाला तक बनने वाली सीसी सड़क का भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि मजबूत सड़कें विकास की आधारशिला होती हैं। गौशाला तक सीसी रोड बनने से न केवल गौसेवा कार्यों में सुविधा मिलेगी, बल्कि आवागमन सुगम होगा और बारिश के मौसम में कीचड़ की समस्या से राहत मिलेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि गांवों में स्थायी और टिकाऊ अधोसंरचना का निर्माण उनकी प्राथमिकता है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और पशुपालन को मजबूती मिल सके।

### ग्रामीणों में दिखा उत्साह

दोनों कार्यक्रमों में सरपंच, पंचगण, गौशाला समिति के सदस्य, भाजपा मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने कहा कि ये दोनों कार्य लंबे समय से उनकी जरूरत थे, जो अब विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह के प्रयासों से पूरे हो रहे हैं। भूमि पूजन के बाद क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा। ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भिंड विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर आगे बढ़ रहे हैं और गांवों को नई पहचान मिल रही है। इस मौके पर सरोज बघेल जनपद पंचायत अध्यक्ष, महेश कुशवाह सरपंच ककाहरा, अजीत शाक्य सरपंच भटमासपुरा, विवेक अग्रवाल, इंजीनियर मनोज अग्रवाल इंजीनियर, भरत सिंह सचिव, रामझा बाबू सिंह, रविन्द्र सिंह, पटेल छोटे सिंह, रामअवतार सिंह, गब्बर सिंह, बालस्टजर सिंह, रमेश सिंह, उत्तम सिंह, दुजू सिंह, राधाकृष्णव सिंह, रामेश सिंह, हरवंश सिंह, राघवेन्द्रज सिंह, श्या?म सिंह राठौर, रिंकू सिंह, कौशलेन्द्रं सिंह, हरवीर यादव, सियाराम यादव, जगदीश, सचिन, महेश, राकेश, विनोद, धर्मेंद्र, अमित, सुनील, अजीत, गेंदालाल शाक्य, कैलाश यादव, किशोर यादव, देवेन्द्र यादव, सुदामा सहित सैकडों ग्रामवासी मौजूद रहे।

# लहार वार्ड-5 उपचुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत

### कांग्रेस का वर्षों पुराना कब्जा टूटा, संगीता समाधिया ने लहराया भाजपा का परचम

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 31 दिसम्बर।** लहार नगर के वार्ड नंबर 5 में हुए उपचुनाव ने सियासी तस्वीर बदल दी है। वर्षों से कांग्रेस के कब्जे में रही इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी संगीता चक्रेश समाधिया ने शानदार विजय हासिल कर वार्ड-5 के इतिहास के पन्नों पर एक बार फिर भाजपा का नाम दर्ज करा दिया।



**विधायक अम्बरीष शर्मा के निर्देशन में चली जीत की रणनीति :** ह जीत लहार विधायक अम्बरीष शर्मा के मार्गदर्शन और रणनीतिक नेतृत्व का परिणाम मानी जा रही है। विधायक के निर्देशन में पार्टी संगठन ने बूथ स्तर तक मजबूत पकड़ बनाई, जिसका सीधा लाभ चुनाव परिणाम में दिखाई दिया। इस चुनाव में मंडल अध्यक्ष भाजपा सुभाष अग्निहोत्री से लेकर प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी भूमिका निभाई। घर-घर संपर्क, मतदाताओं से संवाद और संगठनात्मक एकजुटता ने भाजपा को जीत की ओर अग्रसर किया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल

जीत की घोषणा होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह और खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ता एक-दूसरे को मिठाई खिलाते, गले मिलते और नारेबाजी करते नजर आए। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। वार्ड नंबर 5 में भाजपा की यह जीत न केवल संगठन की मजबूती को दर्शाती है, बल्कि आगामी चुनावों के लिए भाजपा के बढ़ते जनाधार का संकेत भी मानी जा रही है। यह परिणाम कांग्रेस के लिए भी बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है।

# कलेक्टर ने आईटीआई का किया औचक निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 31 दिसम्बर।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई, मशीनरी की स्थिति और छात्रों को दिए जा रहे व्यावहारिक प्रशिक्षण का बारीकी से जायजा लिया। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि आईटीआई का उद्देश्य युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल देना है, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान सामने आया कि संस्थान की कई कार्यशालाओं में मशीनें छोटी-मोटी खराबियों के कारण लंबे समय से बंद पड़ी हैं, जिससे छात्रों का प्रैक्टिकल प्रशिक्षण प्रभावित हो रहा है। इस पर कलेक्टर ने आईटीआई प्राचार्य और स्टाफ को तत्काल मशीनों की मरम्मत कराने के सख्त निर्देश दिए।



**जंग लगी मशीनें देखकर जताई नाराजगी :** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने इलेक्ट्रीशियन, फिटर, वेल्डर सहित विभिन्न ट्रेडों की कार्यशालाओं का व्यक्तिगत निरीक्षण किया। इस दौरान कई मशीनें जंग लगी और रखरखाव के अभाव में निष्क्रिय पाई गईं। उन्होंने कहा कि मशीनें ठीक हालत में नहीं होंगी तो छात्र गुणवत्ता पूर्ण प्रशिक्षण कैसे प्राप्त करेंगे। सभी खराब उपकरणों को जल्द दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए। कलेक?टर ने कहा कि आईटीआई में प्रशिक्षण ऐसा होना चाहिए कि छात्र को कोर्स पूरा करते ही पहली ही कोशिश में नौकरी मिल सके। युवाओं के भविष्य से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

### साफ-सफाई पर भी सख्त रुख

आईटीआई परिसर में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक न मिलने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि परिसर को हमेशा स्वच्छ, व्यवस्थित और अनुशासित रखा जाए, ताकि छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

# दो बेकरी पर खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, नमूने लिए, नोटिस जारी

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 31 दिसम्बर।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग ने शहर में संचालित बेकरी प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी रीना बंसल और रेखा सोनी ने दो बेकरी का निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लिए और अनियमितताओं पर नोटिस जारी किए।

**राहुल बेकरी से छह खाद्य पदार्थों के नमूने :** खाद्य सुरक्षा अधिकारी रीना बंसल ने जामना रोड स्थित राहुल बेकरी का निरीक्षण किया। यहां से केक, स्ट्रॉबेरी क्रश, शक्कर, मैदा, वैनिला कंसन्ट्रेट और लिक्विड चॉकलेट के नमूने लिए गए। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई में कमी पाए जाने पर बेकरी संचालक को धारा-32 के तहत नोटिस दिया गया।

**शिव बेकरी में भी मिली खामियां :**



खाद्य सुरक्षा अधिकारी रेखा सोनी ने अटेर रोड स्थित के.के. एम्पायर कॉलोनी की शिव बेकरी का निरीक्षण किया। यहां से ब्लैक फॉरेस्ट केक, व्हिप टॉपिंग, शक्कर, व्हाइट चॉकलेट नट्स, डार्क चॉकलेट, बटर स्कॉच फूड एडिटिव और रेड वेलवेट केक मिक्स के नमूने लिए गए। बेकरी में अनियमितताएं पाए जाने पर संचालक को नोटिस जारी किया गया।

दोनों बेकरी से लिए गए सभी नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग ने बताया कि आम लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी के तहत जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच लगातार जारी रहेगी।

## जनसंपर्क विभाग के बाबू रघुवीर सिंह सेवानिवृत्त

**भिंड, 30 दिसम्बर।** जिला जनसंपर्क कार्यालय भिंड में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 रघुवीर सिंह को बुधवार को उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर कार्यालय में आत्मीय वातावरण देखने को मिला। अधिकारियों, कर्मचारियों और पत्रकार बंधुओं ने सिंह के सुखद, स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदा किया। रघुवीर सिंह ने 8 अक्टूबर 1986 को जनसंपर्क विभाग में सेवा प्रारंभ की थी। उन्होंने 39 वर्ष 02 माह 24 दिन तक जिला जनसंपर्क कार्यालय भिंड में अपनी सेवाएं दीं और 31 दिसंबर 2025 को सेवानिवृत्त हुए। इस लंबे कार्यकाल के दौरान वे कार्यालय की कार्यप्रणाली की मजबूत कड़ी बने रहे।





## उपचुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत

**मेहगांव, 31 दिसम्बर।** मेहगांव नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 5 में हुए पार्षद पद के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड जीत मिली है। भाजपा प्रत्याशी ज्ञानश्री जाटव पत्नी रघुवीर जाटव ने भारी मतों से विजय हासिल कर वार्ड में भाजपा का परचम लहराया।

**जीत की खुशी में जश्न :** चुनाव परिणाम घोषित होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और जमकर आतिशबाजी भी की। वार्ड में भाजपा जिंदाबाद के नारे गूंजते रहे उपचुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत पर कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला पूर्व मंत्री ओपीएस भदौरिया भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुधा राठौर मंडल अध्यक्ष रोहित करैया डॉ योगेन्द्र सिंह तोमर श्रीमती बबली तोमर श्रीमती मुन्नी नरवरिया नगरपरिषद अध्यक्ष श्रीमती कंचन पिंटू राठौर एडवोकेट सुभाष राठौर जनपद अध्यक्ष अशोक जाटव ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

# भिंड जिले की ग्राम पंचायत पचैरा से 86 .03 लाख की वसूली का आदेश

### पूर्व सरपंच के भ्रष्टाचार की खुली पोल

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 31 दिसम्बर।** न्यायालयीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिंड सुनील दुबे ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। उन्होंने तहसीलदार परगना मेहगांव को निर्देश दिए हैं कि ग्राम पंचायत पचैरा के तत्कालीन सरपंच पूनम त्यागी, पत्नी निशांत बंटी त्यागी तत्कालीन सचिव रामबरन और ग्रा.रो.सहा. उमेश राजावत से विभिन्न निर्माण कार्यों की बकाया 86.03 लाख रुपये की राशि वसूल की जाए। यह राशि मनरेगा योजना के तहत अनियमित कार्यों से जुड़ी है यह मामला जनपद पंचायत मेहगांव की ग्राम पंचायत पचैरा से संबंधित है। यहां नाली निर्माण रामसेवक राठौर के मकान से नाले की ओर, नाला निर्माण अखिलेश के खेत से मुन्ना के खेत की ओर, नाला निर्माण जय नारायण बौहरे के मकान से नाले की ओर, नाला निर्माण नाले से तालाब की ओर, नाला निर्माण नरेश के खेत से तालाब की ओर, नाला निर्माण स्कूल से डग टैंक की ओर, नाला निर्माण यात्री प्रतिक्षालय से नाले की ओर, बाउंड्रीवाल निर्माण पीआईबीआई पचैरा मेहगांव और नाला निर्माण बहारपुरा में कुल 86.03 लाख रुपये के कार्य हुए थे। इन कार्यों की राशि बकाया है।

जनपद पंचायत गोहद से यह न्यायालयीन प्रकरण जिला पंचायत भिंड पहुंचा। इसमें मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 92 के तहत पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अत: तहसीलदार को धारा 92 के अनुसार आवश्यक खर्चों सहित यह राशि भू-राजस्व के बकाये के रूप में वसूलने का आदेश दिया गया। सी-2 पंजी में मांग कायम कर प्रकरण जिला पंचायत भिंड भेजने के भी निर्देश हैं।

अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा/सहायक लेखा अधिकारी जनपद पंचायत मेहगांव के अनुसार, पचैरा में मनरेगा मार्गदर्शिका के विपरीत गैर-अनुमत श्रेणी के कार्य कराए गए। इससे 86.03 लाख रुपये आहरित हो गए। एडीशनल कमिश्नर मनरेगा परिषद भोपाल ने निरीक्षण में असंतोष जताया था।

प्रकरण की शुरुआत 17 फरवरी 2025 को हुई, जब धारा 89 के तहत पूर्व सरपंच, पूनम पत्नी निशांत बंटी त्यागी सचिव और ग्रा.रो.सहा. को सूचना पत्र जारी किया गया। 8 अप्रैल 2025 को तत्कालीन सचिव और ग्रा.रो.सहा. ने समय बढ़ाने की मांग की, जबकि सरपंच पूनम पत्नी निशांत बंटी त्यागी अनुपस्थित रहीं। 28 अक्टूबर 2025 को धारा 89 का दूसरा सूचना पत्र जारी हुआ। 6 नवंबर 2025 को सुनवाई की गई, लेकिन सभी आरोपी अनुपस्थित रहे। दो सूचनाओं के बावजूद कोई संतोषजनक जवाब न मिलने पर प्रकरण धारा 92(1) में दर्ज कर नोटिस जारी किया गया।

### सार्वजनिक धन का दुरुपयोग रोकना जरूरी

18 नवंबर 2025 को धारा 92( 1) के तहत प्रकरण दर्ज हुआ। तत्कालीन सरपंच, सचिव और ग्रा .रो .सहा . को सूचना दी गई। 25 नवंबर 2025 की सुनवाई में सचिव और ग्रा .रो .सहा . उपस्थित हुए, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया। सरपंच पूनम त्यागी फिर अनुपस्थित रहीं। इससे स्पष्ट है कि उनके पास प्रकरण पर कुछ कहने को नहीं। इसलिए धारा 92( 1) के तहत अधिरोपित वसूली यथावत रखी गई यह आदेश पंचायती राज व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने वाला है। मनरेगा जैसे योजनाओं में गैर-अनुमत कार्यों से सार्वजनिक धन का दुरुपयोग रोकना जरूरी है। तहसीलदार को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश हैं, जिससे बकाया राशि राज्य कोश में जमा हो सके। यह मामला अन्य पंचायतों के लिए चेतावनी है कि नियमों का उल्लंघन महंगा साबित होता है।

### इनका कहना है...

वरिष्ठ कार्यालय से आवेदन प्राप्त हुआ प्रकरण दर्ज के नोटिस भेजे गए हैं पूनम त्यागी सरपंच ब सचिव रामबरन उमेश राजावत ग्राम पंचायत पचेरा पर कार्यवाही की जा रही हैं

– राजकुमार नागोरिया, तहसीलदार मेहगांव